भारत कोकिंग कोल लिमिटेड
'एक मिनी रत्न कंपनी'
(कोल इण्डिया लिमिटेड का एक अंग)
जन सम्पर्क विभाग
कोयला भवन, कोयला नगर
धनबाद – 826005 (झारखण्ड)
दूरभाष / फैक्स: 0326–2230202
वेबसाईट: **www.bccl.gov.in**
ईमेल: **bcclprodhanbad@gmail.com**
सीआईएन : **U10101JH1972GOI000918**

BHARAT COKING COAL LIMITED
'A Mini Ratna Company'
(A Subsidiary of Coal India Limited)
Public Relatikon Department
Koyla Bhawan, Koyla Nagar
Dhanbad- 826005 (Jharkhand).
Phone & FAX 0326-2230202
website: www.bccl.gov.in
email: bcclprodhanbad@gmail.com
CIN : U10101JH1972GOI000918

p-52

दिनांक –18.10.2014

प्रेस विज्ञप्ति

श्री गोपाल कृष्ण सहहोत्रा, सदस्य राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग , सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय से आज दिनांक 18.10.2014 को बी सी सी एल के निदेशक(कार्मिक) श्री बी. के. पण्डा के कार्यालय कक्ष में बैठक हुई । बैठक में बीसीसीएल में कार्यरत सफाई कर्मियों के बारे में जानकारी ली । इस संबंध में निदेशक(कार्मिक) श्री बी. के. पण्डा ने बताया कि सफाई कर्मियों के लिए विशेष रूप से ध्यान दिया जाता है । सफाई कर्मियों के बच्चों के लिए जगजीवन नगर में प्रशिक्षण हेतु अम्बेदकर भवन कंपनी की ओर से उपलब्ध कराया गया है जिसमें मार्शल आर्ट एवं कम्प्यूटर आदि प्रशिक्षण की सामग्री कंपनी द्वारा उपलब्ध करायी गई है और समय–समय पर उनके द्वारा किसी प्रकार की प्रशिक्षण से संबंधित सामग्री के लिए अनुरोध करने पर उन्हें आवश्यकता के अनुसार कंपनी द्वारा उपलब्ध करायी जाती है ।

श्री सहहोत्रा ने निदेशक(कार्मिक) को बताया कि प्रत्येक 200 लोगों के अनुपात में एक सफाई कर्मी होना आवश्यक है । बीसीसीएल के कॉलोनी में रहने वालों की संख्या लगभग 2 लाख है और सफाई कर्मियों की संख्या 1119 है । सफाई कर्मियों को ज्यादा से ज्यादा सुविधायें मिलनी चाहिए एवं सफाई कर्मियों के बच्चे को तकनीकी शिक्षा देने की व्यवस्था की जाए ।

बैठक के पश्चात् कोयला नगर स्थित अतिथिगृह में मुख्यालय के सफाई कर्मियों से श्री गोपाल कृष्ण सहहोत्रा ने मुलाकात की और उनकी समस्या को सुना । तत्पश्चात् उन्होंने बीसीसीएल प्रबंधन को सुझाव दिया कि महिला कर्मियों को ड्रेस में सुधार एवं उनके कार्यावधि में विशेष छूट दिया जाए तथा उन्होंने कहा कि जो शिक्षित सफाई कर्मी हैं उनसे टेकनिकल कार्य लिया जाए ।

18/x

महाप्रबन्धक (कार्मिक / औ0 स0)